# आईटीएस में हुआ मरीजों के लिए निशुल्क डेन्चर शिविर का आयोजन

■ इसके साथ ही मरीजों के लिए कृत्रिम दांतों के विभिन्न प्रकार के विकल्प और उनके रखरखाव के बारे में बताया गया एवं मरीजों भोजन एवं परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी गई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के प्रोस्थोडोंटिक्स ने पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के सहयोग से डेन्चर शिविर ''मुस्कान: एक पहल तक पहुं. चने के लिए'' का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क कृत्रिम दांत (डेन्चर) की सुविधा प्रदान करना था, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार हो सके और उन्हें आत्मनिर्भरता का अनुभव हो। इस पहल के तहत मरीजों को दो दिन के भीतर 100 से अधिक मरीजों को डेन्चर प्रदान किया गया।

आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज में समाज के बुजुर्गो के अच्छे स्वास्थ्य और भलाई के लिए दांतों के जबड़ें के रखरखाव तथा मौखिक स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान मे रखकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिसमें संस्थान के प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग द्वारा मुफ्त डेन्चर कैंप का आयोजन किया गया, जिसके तहत डेन्टल ओ.पी.डी. मे आने वाले मरीजों को दो दिन के भीतर प्रदान किया गया। इसके साथ ही मरीजों के लिए कृत्रिम दांतों के विभिन्न प्रकार के विकल्प और उनके रखरखाव के बारे में बताया गया एवं मरीजों भोजन एवं परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इसी के साथ 100 से अधिक बुजुर्ग मरीजों को डेन्चर वितरित किये गये। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. देवी चरण शेट्टी, डीन्स एवं सभी दंत विभागों के एच.ओ.डी भी उपस्थित रहें। इस सफल निशुल्क डेन्चर शिविर के आयोजन के लिये सभी मरीजों ने आई.टी.एस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

आईपीए और अभिभावकों का बड़ा कदम

# डीपीएसजी के बच्चों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रपति को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन डीपीएसजी के अभिभावकों एवं बच्चों ने दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद (डीपीएसजी), मेरठ रोड द्वारा बच्चों के स्कूल समय में की गई एकतरफा और अत्यधिक वृद्धि के विरोध में राष्ट्रपति को बड़ी संख्या में पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। आईपीए के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ एवं विवेक त्यागी ने कहा कि डीपीएसजी प्रबंधन द्वारा लिया गया यह निर्णय न केवल बिना अभिभावकों की सहमति बल्कि बिना सक्षम प्राधिकरण की अनुमति के लागू किया गया है, जो पूरी तरह अनुचित और बच्चों के हितों के विरुद्ध है। इस फैसले से बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों पर बढ़ते तनाव, खेल व रचनात्मक गतिविधियों में कमी तथा पारिवारिक समय के अभाव को लेकर अभिभावकों में गहरी चिंता और प्रशासन के ढुलमुल रवैये के प्रति आक्रोश है। आईपीए और अभिभावकों ने बताया कि उन्होंने पहले संवाद, शांतिपूर्ण विरोध और प्रशासनिक स्तर पर शिकायत जैसे सभी लोकतांत्रिक प्रयास किए, लेकिन समाधान न मिलने के कारण अब यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उठाया गया है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने राष्ट्रपति से मांग की है कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास से जुड़े इस गंभीर प्रकरण में तत्काल संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, बढ़े हुए स्कूल समय को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए तथा भविष्य में ऐसी मनमानी रोकने के लिए सख्त एवं बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। आईपीए के महासचिव महिपाल रावत ने कहा कि यह केवल एक विद्यालय का मुद्दा नहीं, बल्कि देशभर के बच्चों के अधिकारों और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने का विषय है।

# ब्लड डोनेशन कैंप का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी गाजियाबाद नॉर्थ एवं रोटरी विकास द्वारा ए के जी इंजिनियरिंग कालेज में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा 475 यूनिट रक्त दान किया गया। रोटरी नॉर्थ अध्यक्ष रो पुनीत सिंघल ने बताया कि रक्त दान महादान के अन्तर्गत उनके द्वारा लगाया गया यह सातवां कैंप है, जिसके द्वारा उनका क्लब जरूरत मंद लोगो के लिए रक्त दान करवाता है।

कैंप का संचालन रो अर्पित जैन ने किया तथा इस कैंप को संपन्न कराने में रोटरी नॉर्थ की तरफ से सचिव रो रजत जिंदल, रो के डी एस जग्गी, रो पीयूष गुप्ता, रो बी बी एल ग्रोवर, रो राजीव वशिष्ठ, रो मनोज अग्रवाल, रो शिशिर अग्रवाल, रो मुकेश अग्रवाल, रो अम्बरीष गर्ग, विजय माहेश्वरी, रो राकेश जिंदल, रो प्रमोद गोयल, रो अंकुर अग्रवाल, रो सुमेश गर्ग, ए जी रो मोहिंदर सिंह ने अपना सहयोग दिया।

इस अवसर कालेज के डायरेक्टर एवं स्टूडेंट वेलफेयर डिपार्टमेंट के हेड को रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ की तरफ से एक प्रतीक चिन्ह भी दिया गया। रक्त दान करने वाले स्टूडेंटस को भी प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। सभी छात्र एवं छात्राए बधाई के पात्र हैं।

## मोदीनगर की अवनी ने यूपी शूटिंग प्रतियोगिता में जीता पदक



**मोदीनगर।** शहर की बिटिया अवनी वर्मा ने 10 मीटर, एयर राईफल, में सिल्वर पदक जीत कर किया नगर का नाम रोशन किया है, मोदीनगर निवासी अवनी वर्मा पुत्री सचिन वर्मा ने उतर प्रदेश, 10 मीटर, एयर राईफल, में सिल्वर पदक जीता है। उन्होंने बताया कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टेडियम, अयोध्या में 13 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक हुई 10 मीटर, एयर राईफल,उत्तर प्रदेश प्री स्टेट प्रतियोगिता में अवनी ने यह पदक जीता है। अवनी वर्मा की सफलता पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा सामाजिक समरसता संगोष्ठी का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व हिन्दू परिषद, हरनंदी एवं वैशाली महानगर (गाजियाबाद) के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में "सामाजिक समरसता संगोष्ठी" का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, समानता, सामाजिक एकता एवं समरसता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित वक्ताओं एवं अतिथियों द्वारा डॉ. अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. प्रेमपाल (सेवानिवृत्त स्वास्थ्य मंत्रालय) ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान हेतु किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समरस समाज का निर्माण ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज जैन (प्रख्यात समाजसेवी) एवं शांत प्रकाश जाटव (अध्यक्ष, अखिल भारतीय हिंदू जाटव महासभा) उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने अपने संबोधन में सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने, सभी वर्गों को साथ लेकर चलने तथा समाज में समानता स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में विनायक राव देशपांडे (अखिल भारतीय सह-संगठन मंत्री, विश्व हिन्दू परिषद) ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि समाज की मजबूती तभी संभव है जब सभी वर्गों में परस्पर सम्मान, सहयोग एवं समरसता की भावना हो। उन्होंने "हिन्दव: सोदरा: सर्वे" के भाव को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि जाति, वर्ग एवं भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एक सूत्र में पिरोना आज की आवश्यकता है।

# श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर और सीनियर वर्ग में किया गया। जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम शर्मा एवं उप प्रधानाचार्य बीनू गर्ग और पूजा श्रीवास्तव मैडम उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने चेस प्रतियोगिता को ओपन करते हुए स्वयं शतरंज खेलकर अपनी चपलो से बच्चे को चौका दिया। जूनियर वर्ग में फाइनल मैच टेरेसा सदन एवं कस्तूरबा सदन के बीच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा हाउस ने मैच को जीत लिया। किसी के साथ सीनियर ग्रुप में फाइनल मैच टेरेसा सदन एवं गार्गी सदन के बीच खेला गया जिसमें तेरा सदन ने अपनी शतरंज की नई-नई चालो से मात देते हुए गार्गी सदन को हरा दिया। जूनियर वर्ग में श्रेया, तृषा, परिधि, सोनाक्षी एवं टेरेसा सदन में सनाया, नंदिनी, सानवी, दीपा उपस्थिति रही। उसी के साथ सीनियर वर्ग में टेरेसा सदन में अनन्या, ज्योति, जिया, रिया, काव्य एवं गार्गी सदन में मीनाक्षी, अवनी, आराध्या, मानसी, अनुश्री आदि छात्राएं उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएमओ ने किया पीएचसी भोजपुर का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गाजियाबाद के डिप्टी सीएमओ डॉ रविंद्र कुमार ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान ओपीडी सेवाओं, दवा वितरण व्यवस्था, लैब संबंधी सुविधाओं, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई एवं अस्पताल परिसर की समग्र व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया।इस दौरान केंद्र प्रभारी डॉ रवि शर्मा उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डॉ. रविन्द्र कुमार ने चिकित्सकों एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की संतुष्टि, एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति, समयपालन, दवा उपलब्धता एवं मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए।

# सीएसएचपी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शैक्षणिक उपलब्धियों के नए आयाम किये स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल प्रताप विहार ने सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में एक बार पुन: उत्कृष्टता, अनुशासन एवं समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों के नए आयाम स्थापित किए हैं। विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के सशक्त मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग तथा विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का सजीव प्रतिबिंब है, जिसने प्रत्येक विद्यार्थी को अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने हेतु प्रेरित किया। इस वर्ष विद्यालय की छात्रा वंशिका चौहान ने 97%अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अनिका श्रीवास्तव ने 96%अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा दिव्यम चौहान ने 94.4% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में पृथ्वी राज सिरोही एवं अभय सिंह




चौहान ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वंही विज्ञान (94) में अनिका श्रीवास्तव, हिंदी (98) में दिव्यम चौहान, सामाजिक विज्ञान (99) एवं अंग्रेजी (96)में वंशिका चौहान तथा गणित (92) में सोहम कुमार ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त शिवम कुमार (94%), ओम प्रकाश बाली (94%) एवं पिहु सिंह (94%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता का कहना है कि यह परिणाम विद्यार्थियों के अनुशासन, परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

# गाजियाबाद पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पब्लिक स्कूल के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों ने दसवीं की परीक्षा में सर्वोत्तम अंक हासिल कर एक बार फिए स्वर्णिम इतिहास रचा है। छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत से एक बार फिर से विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। शिवांगी 95% तेजस श्रीवास्तव 93.4% आन्या 91.8% विषयों के अनुसार टॉपर विद्यार्थियों के नाम 2025-2026 STUDENT WISE TOPPER (2025-2026) कम सख्या विषय नाम अंग्रेजी (184) 2 अक्षत तिवारी-96, अर्जुन सिंघल 95, प्रतीक शर्मा-95, राजवी जन-93, तेजस श्रीवास्तव-91, आल्या-90, अंशिका शर्मा-90, वंश अग्रवाल-90 जिन्दी (002) गरिमा भट्ट-96, प्रत्यक्ष-96, तेजस श्रीवास्तव-95, शिवांगी-94, खुशी राजारा-92, खुशी सहलोत 92. आल्या-91,




अक्षत-90, नैना सिंह-90, प्रिंस पाल-90, ऋचा गौतम-90 विज्ञान (086) आल्या-91, शिवांगी-90, तेजस श्रीवास्तव-90 सामाजिक विज्ञान (087) शिवांगी-98. अक्षत तिवारी-97, नैना सिंह-97, प्रत्यक्ष-97, वंश सिंह-97. वंश अग्रवाल-97, लोकेश-96, अंशिका शर्मा-95, प्रतीक मिश्रा-95, प्रिंस पाल-95, अनंत शर्म-94, कृष्णा कालाकोटी 94, सुहेब सैफी-94, किरण शुक्ला 92, राघव चौधरी 92, आल्या 92, तेजस 91, आकृति 90, अंश त्यागी 90 सूचना प्रौद्योगिकी (402) आन्या-100, अंश शर्मा-100, प्रिंस पाल-100, शिवांगी 100, तेजस श्रीवास्तव-100, वैष्णवी सिंह-96, गरिमा भट्ट-95, कुशी राजोरा-95, अक्षत तिवारी-94, प्रत्यक्ष-94, वंश अग्रवाल-94, अंशिका शर्मा-93, मुहब सफी-93, अंश त्यागी-92, नैना सिंह-92, प्रतीक मिश्रा-92, राघव-92, राजवी जन-92, युवराज शर्मा 92, अर्जुन सिंघल 90, सृष्टि-90 विद्यालय की प्राधानाचार्य डी भावना यादव ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

# एसआरएम में मेगा जॉब फेयर उद्घाटन समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी , दिल्ली- एनसीआर परिसर, गाजियाबाद द्वारा 17 अप्रैल 2026, शुक्रवार को प्रात: 10:00 बजे से ईस्वारी ऑडिटोरियम में मेगा जॉब फेयर 2026 के औपचारिक उद्घाटन समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण (इनवोकेशन ) के साथ हुआ, जिसके पश्चात पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना संपन्न हुई, जिससे पूरे आयोजन का वातावरण अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक बन गया।

औपचारिक सत्र की शुरुआत डॉ. धोमया भट्ट, डीन-आईक्यूएसी द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके उपरांत डॉ.



आर. पी. महापात्र, डीन तथा डॉ. एस. विश्वनाथन, निदेशक ने अपने विचार प्रस्तुत किए और उद्योगखशैक्षणिक सहयोग तथा छात्रों की करियर तैयारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संगीता देवी, उप निदेशक-रोजगार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने संबोधन में रोजगार सृजन एवं कौशल विकास से संबंधित सरकारी पहलों पर विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि आर. वी. सखारे, संयुक्त निदेशक- रोजगार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने विशेष संबोधन में बदलते रोजगार परिदृश्य तथा युवाओं के लिए निरंतर कौशल उन्नयन की आवश्यकता पर बल दिया। प्रात: 10:30 बजे मेगा जॉब फेयर 2026 का औपचारिक उद्घाटन संपन्न हुआ, जो विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख नियोक्ताओं एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को एक मंच पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। यह आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा तथा इसने संस्थान की छात्रों एवं युवाओं के लिए बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को पुन: सुदृढ़ किया।

## जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने किया विद्यालय का नाम रोशन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई सैकेण्ड्री (10जी) 2026 का परीक्षा 100% रहा तथा 85 परीक्षार्थियो ने विषयवार 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए।

उच्च स्थान प्राप्त परीक्षार्थियों में पुलुक शर्मा 95, केशव गोयल 95, रुद्राक्ष शुक्ला 94.4, देव शर्मा 93.8, सूर्या प्रताप सिंह 93.2, अवंतिका साहनी 93, अचिन्त्य राज खन्ना 92, वंशिका पाल 92, कृष्णा शर्मा 92, अंशिका सिंह 91.8, सिद्धयाशी गुप्ता 91.8, राधिका रुद्रा 90.4, आकांक्षा तिवारी 90.2, अदिति राय ने 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

आईटीएस मोहन नगर में प्रबंधन विकास कार्यक्रम के तहत

# उत्तर प्रदेश पुलिस ( मिशन शक्ति ) के सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर के चाणक्य ऑडिटोरियम में पुलिस मिशन शक्ति के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस हेतु आयोजित प्रबंध विकास कार्यक्रम में शामिल सभी पुलिस प्रतिभागियों के हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, केशव कुमार चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, सलोनी अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त, प्रो. डॉ. अजय कुमार, निदेशक, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट डॉ. सुनील कुमार पांडेय, निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, डॉ. नैन्सी शर्मा, प्राचार्य, यूजी कैंपस उपस्थित थे।



इस समारोह का उद्देश्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन को औपचारिक रूप से मान्यता देना तथा सार्वजनिक सेवा संस्थानों के साथ संस्थागत सहयोग को सुदृढ़ करना था।उपाध्यक्ष अर्पित चड्ढा द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक एवं व्यवहारिक कौशलों के विकास से न केवल पुलिस कर्मियों को बल्कि पूरे समाज को लाभ होगा। आई. टी. एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस प्रकार के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

इसके उपरांत सलोनी अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि मिशन शक्ति वर्तमान में पाँचवें चरण एवं दूसरे फेज में संचालित हो रहा है।

केशव कुमार चौधरी ने अपने उद्बोधन में इस पहल की प्रशंसा करते हुए पुलिस कर्मियों के व्यवहारिक एवं सॉफ्ट स्किल्स के विकास के महत्व पर बल दिया। संस्थान के योगदान के सम्मान में पुलिस द्वारा अर्पित चड्ढा को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.)**
**जनपद गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्री जसवीस सिंह यादव**
**पी.सी.एस.-जे**
**(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10)**
**मूल वाद संख्या 1401/2025**
**(कम्प्यूटर सं.- 162/2026)**

Dharmendra Khanna s/o Late Sh. T.N. Khanna, aged about-54 yrs, R/o C-26, IInd floor, Hauz Khas, New Delhi-110016
...वादी

**बनाम**

1- Yogendra Khanna s/o Late Sh. T.N. Khanna aged about 59 years. 2- Smt Sunita Khanna w/o Late Sh. T.N. Khanna, aged about 75 years, R/o H.No. R-3/68, Raj Nagar, Ghaziabad, Dist Ghaziabad U.P.
.....प्रतिवादीगण

धर्मेन्द्र खन्ना पुत्र श्री टी. एन. खन्ना ने योगेन्द्र खन्ना आदि आपके विरूद्ध उक्त वाद संस्थित किया है। वास्ते व्यादेश व विभाजन की डिक्री हेतु आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 04.05.2026 को दिन में प्रात: 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है। जिसमें असफल रहने पर वाद/ आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 09.04.2026 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (सी.डि.) गाजियाबाद।**

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत जनपद हापुड़ में शुक्रवार को आर.के. प्लाजा, रेलवे रोड पर भव्य कार्यक्रम और प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष भाजपा कविता माधरे की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में नारी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा, जिला प्रशासन एवं सूचना विभाग के संयुक्त सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' केवल राजनीतिक आरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं को नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।



उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी,

जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को नीति निर्माण में अधिक प्राथमिकता मिलेगी। जिला अध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में डा. कमलेश रानी अग्रवाल, पायल गुप्ता (जिला उपाध्यक्ष), राहुल उपाध्याय (जिला उपाध्यक्ष), जिला मंत्री हितेश मोदी, जिला मीडिया प्रभारी अमित सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई।

# आपत्तिजनक कंटेंट पर सख्ती, इंस्टाग्राम यूजर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और विवादित पोस्ट करना एक युवक को महंगा पड़ गया। थाना धौलाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसे ही एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से सोशल मीडिया पर गलत सामग्री पोस्ट करने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी व पोस्ट करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना धौलाना पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए इंस्टाग्राम पर विवादित पोस्ट करने वाले युवक की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी तैयुयब पुत्र ताज मोहम्मद निवासी ग्राम देहरा, थाना धौलाना है। आरा. पी द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और उसे उसके गांव से ही हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी का कहना है कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। फिलहाल आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ करें और किसी भी प्रकार की भ्रामक या विवादित सामग्री पोस्ट करने से बचें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# भारत विकास परिषद सृजन शाखा में निर्विरोध बनी नई टीम, गोविंद अग्रवाल बने प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत विकास परिषद, सृजन शाखा में नवीन सत्र 2026-27 के लिए पदाधिका. रियों का चयन सर्वसम्मति और निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ। शाखा के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में गोविंद अग्रवाल को प्रधान, वैभव गोयल को सचिव तथा सुमित जिंदल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। चयन प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जहां सभी सदस्यों ने एकमत होकर नई कार्यकारिणी का समर्थन किया। इस दौरान संगठन की एकजुटता और सेवा भावना साफ झलकती दिखाई दी।



नवनिर्वाचित प्रधान गोविंद अग्रवाल और सचिव वैभव गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी सत्र में परिषद सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए सेवा कार्यों को नई दिशा देगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में शाखा के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में परिषद सेवा और संस्कार के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# मोनाड विश्वविद्यालय में नारी शक्ति का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय परिसर में 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का भव्य और गरिमामयी आयोजन किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक विरासत और विकसित भारत के संकल्प को केंद्र में रखते हुए विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान और उसकी अहम भूमिका को विस्तार से रेखांकित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत डा. उमा अग्रवाल और कंचन के स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. एन.के. सिंह, कुलसचिव कर्नल डी.पी. सिंह, कुलपति प्रो. डा. एम. जावेद, प्रो. योगेश पाल सिंह, एडवोकेट पंकज राणा, डा. सुल्तान सिंह एवं डा. रितु चिक्कारा सहित अनेक शिक्षाविद एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। माँ सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। मुख्य अतिथि भगवत प्रसाद मकवाना ने अपने संबोधन में वेदों और पुराणों का उल्लेख करते हुए कहा कि



भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सदैव पूजनीय रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' की सराहना करते हुए संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को ऐतिहासिक कदम बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान डा. अश्वनी कुमार, डा. आशीष गर्ग, डा. उमेश कुमार, डा. नेहा शर्मा, सनाउल मुस्तफा एवं प्रीति तोमर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# d;,e fofo e; uDdM+ ukVd d; tfj, fn;k efgyk l'kfädj.k dk lns'k

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA केएम विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में आज विवि के छात्र-छात्राओं और शिक्षिक-शिक्षिकाओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया एवं छात्राओं को अधिनियम के महत्व एवं इसके प्रमुख प्रावधानों की जानकारी नुक्कड़ नाटक द्वारा दी गई।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने छात्राओं के जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उन्हें सामा. जिक अभियानों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। आज के कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजा. पति एवं कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने करते हुए कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने का मजबूत माध्यम बनेगा। विवि की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए समाज में महिलाओं की भूमिका, अधिकारों और समानता के प्रति जागरूक किया और खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया।



# Jh—".k tUeHkwfe e; Hkfä d; ekgkSy e; y,Up gvk ^—".kkorkj

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य गाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करने वाली फिल्म 'कृष्णावतारम' का ट्रेलर एक भव्य और आध्यात्मिक माहौल में लॉन्च किया गया, जिसने इसे सिर्फ एक फिल्मी इवेंट ही नहीं, बल्कि आस्था का उत्सव भी बना दिया।

यह ऐतिहासिक क्षण श्रीकृष्ण की पावन जन्मस्थली, मथुरा में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में दर्ज किया गया, जहाँ हर ओर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। ट्रेलर लॉन्च के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने इस आयोजन को एक सामूहिक आध्यात्मिक अनुभव में बदल दिया। यह अनूठा अनावरण केवल एक स्थान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वृंदावन और मथुरा के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों, जैसे रमन रेती मंदिर, राधा रानी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन वृंदावन तक विस्तारित किया गया।



# lL—fr fofo e; py; vfHk;ku e; ukjh 'kfä oanu vf/kfu;e dk fd;k leFkZu

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA संस्कृति विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूकता और समर्थन के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन सभी कार्यक्रमों की नोडल अधिकारी डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा का कहना है कि कार्यक्रमों में छात्राओं की विशेष रुचि होने के कारण उनकी भागीदारी भी बड़ी संख्या में देखने को मिल रही है।

इसी क्रम में मिस्ड कॉल देकर और दीवार पर संदेश लिखकर और हस्ताक्षर कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया गया। डा. श्रीमती मीनात्री शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नारी शक्ति वंदन के समर्थन एवं जागरूकता के लिए चलाए गए मिस्ड कॉल अभियान में सैकड़ों छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निर्धारित नंबर पर मिस्ड कॉल देकर अधिनियम के प्रति अपना समर्थन दर्ज कराया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को अधिनियम के महत्व एवं इसके प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली।



विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने इस अवसर पर छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें ऐसे सामाजिक अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डा. आरएन त्रिवेदी एवं डा.रतीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में डा. डीएस तोमर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में डा. रघुराम भट्ट, डा. केके पाराशर, विजय सक्सैना सहित अन्य अधिकारीगण एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर दीवार पर छात्राओं ने बढ़चढ़कर महिला सशक्तिकरण से जुड़े संद. `श, विचार एवं संकल्प लिखे, जो समाज में महिलाओं की भूमिका, अधिकारों और समानता के प्रति जागरूकता का सशक्त माध्यम बने। इस दीवार पर छात्राओं को अपने विचार खुलकर व्यक्त करने का अवसर मिला।

छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से नारी सश. क्तिकरण का संदेश दिया। पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा एवं जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# pMhx<+ ;wfuofl'Vh us eFkjk e; y,Up fd;k ,Meh'ku oLd,yjf'ki iksVZy

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA भारत, जो विश्व की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है, अब एआई के क्षेत्र में भी तेजी से उभर रहा है। इसी दिशा में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में देश की पहली एआई सिटी विकसित करने की तैयारी चल रही है।

इस क्रम में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने उन्नाव के एससीआर क्षेत्र, कानपुर-लखनऊ रोड पर लगभग 2500 करोड़ रुपये के निवेश से एक अत्याधुनिक एआई-समर्थित कैंपस स्थापित किया है। इसके साथ ही यह देश का पहला निजी एआई सपोर्टेड कैंपस बन गया है। यहां विद्यार्थियों को केवल तकनीकी रूप से उन्नत शिक्षा ही नहीं दी जा रही, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार भी किया जा रहा है। यह बात चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश प्रो वाइस चांसलर डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह ने मथुरा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर मथुरा में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने अपने स्कॉलरशिप व एडमिशन पोर्टल 'सीयूसीईटी 2026' की आधिकारिक शुरुआत करते हुए छात्र-छात्राओं को 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप देने की घोषणा की। यह पहल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रिसर्च और इनोवेशन आधारित उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। इस मौके पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के प्रो वाइस चां. सलर डॉ थिपेंद्र पी सिंह, ने बताया कि सीयूसीईटी 2026 स्कॉलरशिप योजना ने अपने पहले ही शैक्षणिक सत्र में प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। योजना के तहत अब तक 2,000 से अधिक छात्रों को करोड़ों रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जा चुकी है, जिससे विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए नई प्रेरणा और आत्मविश्वास मिला है। सीयू यूपी का दीर्घकालिक लक्ष्य उत्तर प्रदेश को एआई आधारित शिक्षा, शोध और तकनीकी इनोवेशन का वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करना है। यूनिवर्सिटी के इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप फोकस को रेखांकित करते हुए डॉ थिपेंद्र पी सिंह, ने कहा कि 'कैम्पस टैंक' और 'सीयू एआई स्पेस' जैसी पहलें स्टार्टअप्स और युवा इनोवेटर्स को सीड फंडिंग, इनक्यूबेशन और पेटेंट फाइलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मिनिस्टर नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' द्वारा लॉन्च किए गए कैम्पस टैंक के माध्यम से अब तक 1,000 से अधिक स्टार्टअप्स को 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने बताया कि गवर्नर आनंदीबेन पटेल द्वारा शुरू की गई नारी योजना टेक्नोलॉजी आधारित रिसर्च और इना. `वेशन में महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित कर रही है। डॉ थिपेंद्र पी सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश का एआई-एनहैंस्ड स्मार्ट कैंपस लगभग 2,500 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया गया है, जो क्वालिटी एजुकेशन के साथ एडवांस्ड रिसर्च को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।




## एक नजर

### नरहरपुर कांड में निष्पक्ष जांच की मांग

veBhA के नरहरपुर गांव में 12 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने के दौरान हुए विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।आज सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गांव की महिलाये कलेक्टरेट पहुँची जहा उन्होंने अतिरिक्त।एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और बेगुनाहों पर कार्यवाही न करने की मांग की।सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि कुछ लोगो के इशारे पर घटना का राजनी. तिक करण किया जा रहा है। दरअसल ये पूरा मामला रामगंज थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव का है जहाँ 12 अप्रैल को ग्रामीणों ने सरकारी भूमि पर।अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी।मामले की जानक. ारी मिलते ही एसडीएम समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुँची और चबूतरे को जेसीबी से तुड़वाते हुए प्रतिमा को सुरक्षित रखा दिया।इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए 14 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।घटना को लेकर आज बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं के साथ सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव कलेक्टरेट पहुँचे जहा उन्होंने अतिरिक्त निरीक्षक नीतीश राज को ज्ञापन सौपते हुए मामले में निष्पक्ष जांच और बेगुनाहों पर कार्यवाही न करने का निवेदन किया है।सपा नेता ने कहा कि गांव के दलितो व ग्रामीणों ने गांव में प्रतिमा लगाई थी और मौके पर मौजूद लेखपाल ने माहौल बिगाड़ने के लिए पथराव किया और आरोप ग्रामीणों पर लगाया गया।कई गरीब ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और आज भी ग्रामीणों को प्रताड़ित किया जा रहा है।इस पूरी घटना का कुछ लोगो के इशारे पर राजीनीतिक करण किया जा रहा है।आज भी वहां पीएसी लगाई गई है और ग्रामीणों को डराया धमकाया जा रहा है।हमारी प्रशासन की मांग है मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और बेगुनाहों को परेशान न किया जाय।प्रसाशन ग्रामीणों से बात कर बीच का रास्ता निकाले जिससे कि ग्रामीणों में दहशत समाप्त हो सके। इस मौके पर मनीराम वर्मा, मनु पाल, दिवाक

### ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत, बेटा गंभीर

veBh A जनपद अमेठी के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है। शुकुल बाजार रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से मां और बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका नाबालिग बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि मां और बेटी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। घायल बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जगदीशपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल मृतकों और घायल की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस उनकी पहचान कराने में जुटी है।र,चंद्रकांत पाल, विजय सही कई दर्जन महिलाएं मौजूद रही।

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की हुई दर्दनाक मौत

veBhA उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नेता रोड तिराहा रामगंज में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें मोपेड सवार अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गौरीगंज मुसाफिरखाना रोड पर स्थित नेता रोड तिराहा रामगंज में दूध डेरी के पिकअप वाहन से मोपेड सवार अधेड़ टकरा गया। जिसके चलते अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई। इसके बाद पिकअप सवार ड्राइवर सहित दो लोग बाल बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन एवं उसके ड्राइवर को कब्जे में ले लिया है तथा मृत्यु के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर रही है। गौरीगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान नन्हे बाबू पांडेय पुत्र गया प्रसाद पांडेय निवासी इंदरिया मजरे किटियांवा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को सूचित करते हुए लाश का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# महिला पर अभद्र टिप्पणी, दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

## शादी समारोह में जा रही थी महिला, चार लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र में एक महिला से टिप्पणी और अभद्रता के विरोध में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में लाठी-डंडे चलने से चार लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र की एक महिला अपने परिवार के साथ थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के मेवगढ़ी मजीदनगर में एक शादी समारोह में जा रही थी। रास्ते में खड़े एक युवक ने कथित तौर पर महिला के साथ टिप्पणी व अशोभनीय हरकत की। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी जिसके बाद मौके पर हंगामा हो गया। महिला के शोर मचाने पर उसके परिजन मौके पर पहुंच गए। इसी बीच, आरोपी पक्ष के लोग भी वहां आ गए और दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। कहासुनी जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई, जिसमें लाठी-डंडे चले और क्षेत्र में अफरा-तफरी फैल गई। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को शांत कराया और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मेटलैब कार्यशाला में छात्रों ने सीखे आधुनिक कौशल

## शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 'मैटलैब एवं उसके अनुप्रयोग' पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी), मोदीपुरम के यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में शुक्रवार को 'मैटलैब एवं उसके अनुप्रयोग' विषय पर एक विस्तृत एवं अत्यंत उपयोगी हैंड्स-ऑन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक इंजीनियरिंग टूल्स, सिमुलेशन तकनीकों एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

इस कार्यशाला के विशेषज्ञ वक्ता मनोज कुमार, असिस्टेंट मैनेजर टेक्निकल, डिजाईनटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को मेटलैब प्रोग्रामिंग की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराया तथा सिमुलिंक मॉडल्स के माध्यम से जटिल समस्याओं के समाधान की प्रक्रियाओं को सरल तरीके से




समझाया। कार्यशाला के दौरान मशीन लर्निंग के विभिन्न अनुप्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, मेटलैब की विभिन्न प्रोग्रामिंग भाषाओं जैसे पायथन, सी एवं वीएचडीएल के साथ कोम्पक्टिबिलिटी को भी स्पष्ट किया गया। विशेषज्ञ द्वारा सेंसर, मोबाइल, क्लाउड तथा वास्तविक समय (रियल-टाइम) डेटा को सिमुलिंक मॉडल्स के साथ जोड़ने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकों की गहरी समझ प्राप्त हुई।

इसके अतिरिक्त, मैथवर्क्स द्वारा उपलब्ध निःशुल्क सर्टिफिकेशन प्रोग्राम्स की जानकारी भी दी गई, जिनके माध्यम से छात्र अपने तकनीकी कौशल को और सुदृढ़ कर सकते हैं। कार्यशाला में लाइव सिमुलेशन एवं प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विषयों को प्रभावी एवं रोचक बनाया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि छात्रों ने मेटलैब मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं अभ्यास किया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ और उनकी समझ और अधिक सशक्त हुई। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया।

# के.वी. पब्लिक के कक्षा 10 के बच्चों ने स्कूल का नाम किया रोशन



NOMINEE GAUTAM PERCENTAGE 98% | SAKSHI PERCENTAGE 97 % | AVNI PERCENTAGE 93 % | JAHANVI TANWAR PERCENTAGE 91.4 % | AARUSHI PERCENTAGE 90 %

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में के.वी. पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के बच्चों का रिजल्ट शानदार रहा। बच्चों ने एक बार फिर अपनी मेहनत लग्न से स्कूल का नाम रोशन किया है। इसमें गांव रहदरा निवासी नोमिनी गौतम ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं साक्षी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व गांव पूठी निवासी अवनी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विषय वार नोमिनी गौतम ने हिंदी व आईटी में 98 प्रतिशत, अंग्रेजी में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं साक्षी ने गणित में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सामाजिक विषय में भी स्कूल का स्कोर 98 प्रतिशत रहा। परीक्षाफल घोषित होते ही स्कूल में खुशी का माहौल हो गया वहीं मेधावी बच्चों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इससे स्कूल के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिली। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य विनय गुप्ता ने सभी बच्चों व उनके अविभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये उनकी मेहनत और लग्न का ही परिणाम है जो देहात क्षेत्र के बच्चों ने नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन व परिवार ने भी सभी को शुभकामनाएं दी।

# स्टूडेंट सेवा समिति नेस्कूल संचालकों की मनमानी पर उठाए सवाल

**मेरठ।** शुक्रवार को स्टूडेंट सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष करार हुसैन ने स्कूलों में महंगी शिक्षा और एक्स्ट्रा चार्ज व स्कूल संचालक की मनमानी को लेकर शिक्षा विभाग अधिकारी से मिले। स्टूडेंट सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार हुसैन व उनकी टीम ने महंगी बुक्स, ड्रेस, रजिस्टर, जूते जुराब, एक्स्ट्रा चार्ज, ट्रांसपोर्टेशन पेनल्टी, लेट पेनल्टी, बिल्डिंग चार्ज, री एडमिशन चार्ज, हर साल फीस बढ़ाना, क्वालिफाइड टीचर ना होना और एग्जाम के समय पर बच्चों को एग्जाम देने से रोकने पर स्कूल संचालकों पर कार्रवाई की बात की। प्राइवेट स्कूलों की कालाबाजारी व मनमानी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है उसके खिलाफ स्टूडेंट सेवा समिति के अध्यक्ष करार हुसैन द्वारा पिछले कई सालों से लड़ाई लड़ रहे है। इस मुद्दे को लेकर के जिसमें अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है और अभिभावक परेशान हैं सभी के बच्चे प्राइवेट स्कूलों का शिकार बने हुए हैं जिस पर प्राइवेट स्कूल द्वारा पूरी तरह से लूटपाट मचा रखी है और अपनी मनमानी चलाते है नए-नए चार्ज लगा करके अभिभावकों को परेशान किया जा रहा है जिसकी वजह से बहुत बच्चे घर बैठे हुए उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है। ऐसे सभी स्कूलों पर जांच कर कार्रवाई की जाए और बच्चों के भविष्य को बचाएं। वहीं अभिभावकों कहना है कि स्कूल संचालकों की मनमानी कब तक चलेगी और अधिकारी इन पर कार्रवाई क्यों नहीं करते।

# भाजपा सरकार में ही महिला सशक्तिकरण को मिल रहा बढ़ावा: मनिंदरपाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार (आज) को जानी ब्लॉक में भाजपा का नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हो रहा है इसको लेकर भाजपा नेता मनिंदर पाल ने प्रेस कॉफ्रेंस आयोजित कर कहा कि यह कार्यक्रम केवल नारी शक्ति वंदन को ही नहीं दर्शाएगा बल्कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को भी मजबूत मंच देने का काम करेगा और इस कार्यक्रम में मंच से महिलाओं की मजबूत भागीदारी रहेगी।

शुक्रवार को जानी ब्लॉक में पत्रकारों बात करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता मनिंदर पाल सिंह ने बताया कि बागपत रोड स्थित ग्रीन लीफ रिजॉर्ट बनेगा शक्ति मंच और यह कार्यक्रम 4 बजे से शुरू होगा। आयोजन स्थल को लेकर तैयारियां तेज हैं और बड़ी संख्या में महिलाओं को भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मौजूद रहेंगे उनके साथ-साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष हरवीर पाल सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू शेट्टी भी मौजूद रहेगी। मनिंदर पाल ने कहा कि भाजपा सरकार में ही महिला



सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है भाजपा सरकार में ही महिलाओं पर अत्याचार कम हुए हैं जबकि अन्य सरकारों में महिलाओं पर रोज अत्याचार की घटनाएं देखने और सुनने को मिलती थी। वहीं मनिंदर पाल सिंह ने यह भी बताया है कि 19 अप्रैल को सिवाल खास विधानसभा में अंबेडकर जयंती का एक बड़ा प्रोग्राम किया जाएगा। इस दौरान मनिंदर पाल के साथ जानी ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी, मनोज चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम में डीमोनफोर अकादमी का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** घोषित हुए सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में डी मोनफोर अकादमी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा संस्कृति ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं परी ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा नवनीत ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में भी इसी लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के निदेशक डॉ. के.के. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन से छात्र हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय की




निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की लगन और शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण है। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या रितु चिकारा ने कहा कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने सभी छात्रों को निरंतर प्रगति करते रहने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# सुभारती विश्वविद्यालय में 'बौद्धिक संपदा अधिकार' पर विशेष व्याख्यान संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के 'लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज' विभाग द्वारा वर्तमान युग के अत्यंत प्रासंगिक विषय 'बौद्धिक संपदा अधिकार' पर एक गरिमामयी अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को नवाचार की कानूनी सुरक्षा और उसके वैश्विक महत्व से रूबरू कराया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. निशा राणा ने अपने प्रभावशाली व्याख्यान में आईपीआर के विविध पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क जैसे तकनीकी विषयों को अत्यंत सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के साथ साझा किया। डॉ. निशा ने रेखांकित किया कि कैसे एक छोटा सा विचार या मौलिक कृति कानूनी सुरक्षा के जरिए एक बड़ी संपदा में तब्दील हो सकती है। विभागाध्यक्ष डॉ. तारक नाथ प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन और डॉ. किरन रानी पंवार के स्कल समन्वय में आयोजित इस सत्र में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रश्न-उत्तर सत्र के दौरान छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह संवादात्मक बना रहा। समन्वयक डॉ. किरन रानी पंवार ने अपने



संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक समय में आईपीआर की जानकारी विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अपरिहार्य है। उन्होंने मुख्य वक्ता डॉ. निशा राणा का आभार व्यक्त करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. तारक नाथ प्रसाद के निरंतर सहयोग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस ज्ञानवर्धक सत्र के दौरान विभाग के प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. मोहिनी मित्तल, श्री कपिल तथा डॉ. शालिनी सिंह सहित अन्य फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में अपना योगदान दिया।

# फ्लिपकार्ट अब ऊबर की हर राईड पर देगा सुपरकॉईन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के होमग्रोन ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट ने भारत के प्रमुख मोबिलिटी प्लेटफॉर्म्स में से एक, ऊबर के साथ साझेदारी की है, जिसके अंतर्गत ऊबर की हर राईड पर फ्लिपकार्ट यूजर्स सुपरकॉईन प्राप्त कर सकेंगे। इस साझेदारी के साथ सुपरकॉईन का विस्तार लाईफस्टाईल लॉयल्टी प्रोग्राम तक हो गया है, जिससे यूजर्स को अपने दैनिक आवागमन के लिए सुपरकॉईन प्राप्त होंगे। इससे, एक तरफ, जहां पूरे भारत में लॉयल्टी सिस्टम के साथ रिवार्ड प्रोग्राम बनाने का फ्लिपकार्ट का लक्ष्य आगे बढ़ेगा, वहीं, दूसरी तरफ, ऊबर राईडर्स को अपनी दैनिक मोबिलिटी पर ज्यादा फायदा भी मिलेगा। गौरव अरोड़ा, वाईस प्रेसिडेंट, पेमेंट्स एंड सुपरकॉईन्स, फ्लिपकार्ट ने कहा सुपरकॉईन रोजमर्रा के उपयोग के दौरान एक व्यापक रिवार्ड प्रोग्राम के रूप में विकसित हो रहे हैं। मोबिलिटी में इनका विस्तार स्वाभाविक है। ऊबर के साथ इस साझेदारी द्वारा हम ग्राहकों के दैनिक लेन-देन को ज्यादा सुगमता से इंटीग्रेट कर सकेंगे।

# फिजिक्सवाला छात्रों की सीबीएसई 10वीं बोर्ड 2026 में रिकॉर्ड सफलता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फिजिक्सवाला के कई विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में पंजाब के फाजिल्का से वैभव अरोड़ा, गुजरात के अहमदाबाद से अमोलिक पंडिता और ओडिशा के भुवनेश्वर से आयुष्मान महापात्रा शामिल हैं जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू विद्यापीठ, जो फिजिक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं, ने मेरठ में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में शहर के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। अपने अनुभव साझा करते हुए वैभव अरोड़ा ने कहा कि नियमित तैयारी, सतत अभ्यास और स्कूल व पीडब्ल्यू शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे पूर्ण अंक प्राप्त करने में मदद की। अमोलिक पंडिता ने बताया कि नियमित रिविजन और मॉक टेस्ट हल करना मेरे लिए 100प्रतिशत अंक लाने में बहुत सहायक रहा। आयुष्मान महापात्रा ने कहा कि अनुशासन बनाए रखते हुए एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना का पालन करना मेरी सफलता की कुंजी रहा।

# सुभारती विवि में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की विभिन्न इकाइयों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार और सम्मान के प्रति जन-चेतना को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान एनएसएस इकाई-1 एवं 2 द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत 'अब नारी चुप नहीं रहेगी' शीर्षक से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवकों ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से लिंग भेद, सामाजिक अन्याय और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। दर्शकों ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम बताया। इसके अतिरिक्त इकाई-1 एवं 2 द्वारा पोस्टर निर्माण गतिविधि का भी आयोजन किया गया, जिसका संचालन कार्यक्रम अधिकारियों राम प्रकाश तिवारी एवं निशांत गौरव के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अजीताभ दास



उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रो. डॉ. योगेंद्र पांडेय, प्रो. डॉ. ऋतेश चौधरी, प्रो. अशोक त्यागी (विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग), डॉ. संतोष के. गौतम, डॉ. आशुतोष, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. प्रीति सिंह तथा तरुण जैन शामिल रहे। इस दौरान स्वयंसेवकों ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता का संदेश प्रस्तुत किया। एनएसएस इकाई-3 एवं 4 द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल सिंह एवं लक्ष्मीकांत शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान भाषण, चर्चा एवं जन-जागरूकता गति. विधियों के माध्यम से अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने इसे महिलाओं को समान अधिकार, सुरक्षा एवं सामाजिक सम्मान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में एनएसएस इकाई-3 एवं 4 द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अभियान में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों राम प्रकाश तिवारी, निशांत गौरव, लक्ष्मीकांत शर्मा, डॉ. विशाल सिंह एवं डॉ. शौर्य तौलियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमित कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करते हैं। इन सभी गतिविधियों ने यह स्पष्ट किया कि आज की नारी सशक्त है, जागरूक है और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने को तैयार है। सुभारती विवि के एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी ने इन कार्यक्रमों को सफल एवं सार्थक बना दिया।

# मासूम शर्मा की फिल्म लाइसेंस का डांस ट्रैक रिलीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मासूम शर्मा अभिनीत हरियाणवी फिल्म लाइसेंस के ट्रैक 'गच लागे' और 'लाइसेंस का असला' को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, निर्माताओं ने अब 'गुंड्यां में बसंती' नामक एक हाई-एनर्जी डांस नंबर पेश किया है। इस गाने में लोकप्रिय डांसिंग सेंसेशन गोरी नागोरी के साथ-साथ मासूम शर्मा और अनुभवी अभिनेता यशपाल शर्मा की शानदार मौजूदगी है। अभिनेता, संगीतकार और गायक मासूम शर्मा ने कहा कि पिछले गानों के लिए हमें जो प्रतिक्रिया मिली है वह जबरदस्त रही है, मुझे पूरा विश्वास है कि हरियाणवी संगीत के प्रशंसक इस ट्रैक का भरपूर आनंद लेंगे और इसे उतना ही प्यार देंगे जितना उन्होंने हमारी पिछली रिलीज को दिया है।

